Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 01-03-2006
Participants : Singh Shri Prabhunath,Yerrannaidu Shri Kinjarapu,Pathak Shri Harin,Dasmunsi Shri Priya Ranjan

an>

Title : Reported move to rename Thermal Power Station, Panipat and IMT Manesar, Haryana named after Late Choudhary Devi Lal.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं एक बहुत ही गंभीर सवाल आपके सामने उठाना चाहता हूं। भारतीय राजनीति में देश के अग्रणी नेताओं में महान स्वतंत्रता सेनानी किसान नेता हरियाणा राज्य के निर्माता के रूप में चौधरी देवीलाल का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। देवीलाल जी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राट्र एवं राज्य निर्माण के लिए जीवन भर संर्घा करते रहे। उन्हीं के अथक प्रयास की बदौलत हरियाणा राज्य अस्तित्व में आया।

उपाध्यक्ष महोदय, हरियाणा प्रांत के अंतर्गत पानीपत में स्व. देवीलाल जी के नाम पर थर्मल पावर स्टेशन का निर्माण किया गया है, जिसका उद्घाटन देश के राट्रपति महामहिम ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी ने किया था। आई.एम.टी. मानेसर का नामकरण भी स्व. देवीलाल जी के नाम पर किया गया है। इधर जानकारी मिली है कि वर्तमान हरियाणा सरकार दोनों संस्थानों से चौ. देवीलाल जी का नाम हटाने की साजिश कर रही है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय, हमारा कहना है कि किसी महान व्यक्ति के नाम पर, स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर और जो भी देश के अग्रणी नेता हुए हैं, उनके नाम पर विभिन्न परियोजनाओं एवं संस्थाओं का नाम रखा गया है। पंडित जवाहर लाल जी के नाम पर, स्व. इंदिरा जी एवं राजीव गांधी जी के नाम पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, लेकिन चौधरी देवीलाल जैसे महान स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर अगर हरियाणा में दो परियोजनाएं हैं और उनका नाम वहां की कांग्रेस की सरकार हटाना चाहती है तो हमारा कहना है कि इससे शर्मनाक घटना अन्य कोई नहीं हो सकती है।

उपाध्यक्ष महोदय, हम केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहते हैं कि वहां की स्थिति क्या है, यह स्पट करें। आपको सोनिया गांधी जी के नाम पर कोई परियोजाना चलानी हैं, चलाएं। आप उनके नाम पर रखें, इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं हो सकती है, जिन-जिन के नाम पर रखनी है, रखें, लेकिन चौधरी देवीलाल जी जैसे महान देशभक्त के नाम को जो हटाया जा रहा है, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसलिए हम केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहते हैं कि इस स्थिति को स्पट केरं।...(व्यवधान)

SHRI KINJARAPU YERRANNAIDU (SRIKAKULAM): Sir, I would like to associate on this issue.… (*Interruptions*)

SHRI HARIN PATHAK (AHMEDABAD): Sir, I also would like to associate..… (*Interruptions*)

उपाध्यक्ष महोदय : आप सब अपने नाम टेबल पर भेज दीजिए, आप सब के नाम एसोसिएट कर लेंगे।

…(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : श्री संतोा गंगवार, श्री डी.पी. यादव, श्री रामजीलाल सुमन, श्री शैलेन्द्र कुमार एवं श्री सुग्रीव सिंह, इन सब के नाम एसोसिएट किए जाते हैं।

श्री प्रभुनाथ सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, इस सवाल पर पूरे सदन की भावना एक साथ है। हम सरकार से निवेदन करना चाहते हैं कि इस गंभीर मामले पर सरकार मौन नहीं बैठे। हम सरकार से कहेंगे कि इस गंभीर मामले का रेस्पोंस ले और स्पटीकरण दे कि हरियाणा की सरकार ऐसा कर रही है या नहीं और अगर ऐसा कर रही है तो केन्द्र सरकार उसमें हस्तक्षेप करे और चौधरी देवीलाल जी का नाम उन परियोजनाओं से न हटे, इसके लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदारी ले।…(व्यवधान) मुंशी जी, आप इस पर रेस्पेंड कीजिए।

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI): Mr. Deputy-Speaker, Sir, irrespective of party affiliations, without any exception all the great freedom fighters and the national heroes of this country are respected by all. Shri Devi Lal was a great leader of farmers and he was a great freedom fighter. If there is any aberration in this regard, I will get the full facts and the actual information from the State Government of Haryana. We will see what measures are required to be taken by the Government of India. … (*Interruptions*)